PRINT

# दैनिक जागरण

| | | |
|---|---|---|
| National News Paper | Edition : (Bokaro) Jharkhand | Circulation:47896 |
| दिनांक(Dated): 07.07.2026 | पृष्ठसं. (Page No.) -- | क्रम सं. (Serial No.)04 |



# पीपरवार में सीआइएसएफ की सख्ती से अवैध कोयला कारोबार पर चोट

## अवैध कोयला व **वाहन जब्त** होने के बावजूद पुलिस किसी बड़े कारोबारी तक नहीं पहुंची

संसू, जागरण• पिपरवारः सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर सीआइएसएफ की लगातार कार्रवाई से कोयला माफिया के नेटवर्क को ध्वस्त करने में मदद मिल रही है। हालांकि, पिपरवार पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। अवैध कोयला और वाहन जब्त होने के बावजूद पुलिस अब तक किसी बड़े कारोबारी या गिरोह के सरगना तक नहीं पहुंच पाई है, जिससे पुलिस की भूमिका पर चर्चा हो रही है।

आंकड़ों के अनुसार, छह मई को सीआइएसएफ ने अशोक माइंस क्षेत्र से 2.40 टन, 12 मई को 2.310 टन, 22 मई को 1.03 टन और 27 मई को 1.160 टन अवैध कोयला जब्त किया। इसके अलावा, 27 मई को सरैया क्षेत्र में अवैध खनन कर ले जाए जा रहे कोयले को पकड़ा गया। आश्चर्यजनक रूप से इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में 24 घंटे की देरी हुई, जिसने पुलिस की तत्परता पर सवाल खड़े कर दिए। सीआइएसएफ की सबसे बड़ी कार्रवाई छह जुलाई को हुई, जब आम्रपाली परियोजना से 10.18 टन अवैध कोयला बरामद किया गया। वाहन और कोयला को कानूनी कार्रवाई के लिए पिपरवार थाना को सौंपा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सीआइएसएफ बार-बार अवैध कोयला पकड़ सकती है, तो पुलिस द्वारा माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। जानकारों का मानना है कि पुलिस और सीआइएसएफ के बीच बेहतर समन्वय से अवैध कोयला कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।



27 मई को जब्त अवैध कोयला लदा ट्रक का फाइल फोटो